प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
24.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

पीएम रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। आज नई दिल्ली में आयोजित 17वें राष्ट्रीय रोजगार मेला के दौरान उन्होंने वीडियो संदेश में यह बात कही। कार्यक्रम के दौरान रोजगार मेला पहल के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त कर्मियों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गये। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन रोज़गार मेलों के माध्यम से ही 11 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत योजना की भी शुरुआत की। इसका लक्ष्य साढे तीन करोड़ युवाओं को रोज़गार प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों से देश विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है और इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं की शक्ति को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानती है। उन्होंने कहा कि भारत की कूटनीतिक वार्ताओं और वैश्विक समझौता ज्ञापनों में युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोज़गार सृजन के प्रावधान भी शामिल हैं।

रोज़गार मेला

इधर राजधानी शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप भी मौजूद रहे। शिमला में कुल 96 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए जो डाक, गृह मंत्रालय, रेलवे, वित्तीय सेवाएं, केंद्रीय वस्तु व सेवा कर, उच्च शिक्षा विभाग, पर्यावरण वन और जलवायु मंत्रालय में अपनी सेवाएं देंगे। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर ज़िले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र में 41 करोड़ 52 लाख रूपये की लागत की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इनमें बड़सर में नवनिर्मित मिनी सचिवालय, बुंबलू में हैलीपैड और बणी में स्वास्थ्य उपकेंद्र का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय से लोगों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनके समय की बचत भी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के एक समान विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल उपमंडल के नंदपुर पंचायत भवन और बदियार में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि नंदपुर पंचायत के तहत साढ़े 7 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली मलोग–पानसरी–बदियार सड़क के वित्त पोषण की स्वीकृति के लिए नाबार्ड को भेजा जाएगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल–नावर–कोटखाई क्षेत्र में बहुआयामी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

यात्री सुरक्षित

मंडी जिला के जंजहैली के शिकारी माता मंदिर से लौटते समय मार्ग भटक गया आठ सदस्यीय परिवार आज सुबह टंग्राल नाला के पास सुरक्षित मिला। यह परिवार डडौर क्षेत्र का निवासी है और कल शाम को करीब साढ़े सात बजे घने जंगल व धुंध के कारण रास्ता भटक गया था।

..........................................................................................................................................................